तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 21.0 डिग्री

# हरिभूमि वनांचल भूमि

रायपुर, मंगलवार 9 अप्रैल 2024

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

10 बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं को घर पहुंचकर कराया जाएगा मतदान



11 20 वर्ष विधायक व 5 वर्ष मंत्री रहकर लखमा ने नहीं किया क्षेत्र का विकास : दीपिका



## सियासत : प्रधानमंत्री आवास योजना को पूरे 5 साल तक रोकने का काम किया कांग्रेस सरकार ने

# मोदी की गारंटी प्रदेश में सांय-सांय हो रहा है : विष्णुदेव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

आजादी के बाद नरेंद्र मोदी ऐसे पहले प्रधानमंत्री बने जो अपने 10 वर्षों के कार्यकाल में सबसे ज्यादा बस्तर पहुंचे। क्योंकि उन्हें बस्तर के आदिवासियों की चिंता है। उन्होंने पूरे देश में गरीब लोगों को 5 लाख रुपये तक निशुल्क इलाज के लिए बीजापुर जैसे सुदूर गांव जांगला से आयुष्मान भारत आरोग्य योजना की शुरुवात की। उसी दिन से यह योजना पूरे देश में लागू हुआ। यह बातें सोमवार को छोटे आमाबाल में विजय संकल्प शंखनाद रैली की महती सभा को सम्बोधित करते मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कही।

- सरकार बनते ही मोदी की गारंटी पर पहले ही दिन से लिये गए निर्णय
- मोदी के प्रयास से गरीब परिवारों को कल्याणकारी योजनाओं का मिल रहा लाभ : देव

उन्होंने पूर्व कांग्रेस सरकार को आड़े हाथ लेते कहा प्रधानमंत्री आवास योजना को पूरे 5 साल तक रोकने का काम भूपेश बघेल की सरकार ने किया। लेकिन जैसे ही हमारी सरकार आप लोगों के आर्शिवाद से छग में आई मोदी की गारंटी को सांय-सांय पूरा करने का काम किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा छोटे आमाबाल वह पवित्र धरती है जहां विश्वप्रसिद्ध बस्तर दशहरा से जुड़े महत्वपूर्ण जोगी बिठाई रस्म में सम्मलित होने वाले माता दंतेश्वरी के परमभक्त जोगी परिवार की धरती है। बस्तर में भाजपा को पौधे से वृक्ष का रूप देने वाले दादा बलीराम कश्यप का कर्म क्षेत्र है। मुख्यमंत्री ने मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आदिवासी हितैषी होने की बात कहते कहा आजादी के बाद आदिवासियों को सम्मान देने का काम प्रधानमंत्री ने किया। यही कारण है आज देश के सर्वोच्च पद राष्ट्रपति पद पर आदिवासी बहन द्रोपदी मुर्मू को बिठाया और तो और छग में भी पहली बार आदिवासी समाज का मुख्यमंत्री के रूप में मुझे प्रदेश की बागडोर सौंपा। बस्तर विकास की चिंता करते प्रधानमंत्री नगरनार इस्पात संयंत्र की आधारशिला रखी ताकि बस्तर के युवाओं को ज्यादा से ज्यादा रोजगार मिले। मोदी की गारंटी ही रहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही कुछ घण्टो के भीतर केबिनेट बैठक में बड़े निर्णय लिए गए। मोदी की गारंटी को एक-एक पूरा करने किसानों को दो वर्ष का बकाया राशि 3716 करोड़ रुपये दिया गया। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई के जयंती अवसर पर मोदी की गारंटी को पूरा किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा 24 लाख से अधिक किसानों के खाते में राशि डाली गई। आमजनों को अयोध्या धाम में रामलला दर्शन योजना के तहत दर्शन कराने का काम प्रदेश सरकार ने शुरू किया। मुख्यमंत्री ने पिछली भूपेश बघेल सरकार पर तंज कसते कहा बेराजगार युवाओं का हक मारने पीएससी परीक्षा ▶▶| शेष पेज 10 पर





### सबसे अधिक बार बस्तर आए प्रधानमंत्री मोदी

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बस्तर के लोगों से स्नेह और प्यार है, खासकर यहां के आदिवासियों के प्रति उनकी चिंता है वे पहले प्रधानमंत्री है, जो आजादी के बाद इन 10 वर्षों के भीतर जितनी बार बस्तर आये आज तक कोई प्रधानमंत्री उतनी बार बस्तर नही आया। जिस तरीके से इन 10 वर्षों में पीएम के नेतृत्व में उनकी गारंटी को मुख्यमंत्री एक-एक पूरा करते सबसे पहले आवासहीन गरीब परिवारों को पक्का मकान देने 18 लाख परिवारों को पक्का मकान देने का काम किया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने भी प्रदेश में मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में मोदी की गारंटी पर मुहर लगाने का काम पूरा करने की बात कही। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने देश के आंतरिक बाह्य सुरक्षा को रेखांकित करते देश को पूरे विश्व में बढ़ रही ताकत को लेकर प्रधानमंत्री के नेतृत्व और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की बेहतर और कारगर रणनीति की तारीफ की। कृषि मंत्री राम विचार नेताम, वन मंत्री केदार कश्यप, पूर्व सांसद दिनेश कश्यप, बस्तर और कांकेर लोकसभा प्रत्याशी महेश कश्यप तथा भोजराज नाग ने भी सम्बोधित करते प्रदेश में डबल इंजन की सरकार के कार्यो और विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धियों को गिनाया। साथ ही आसन्न लोकसभा चुनाव में बस्तर और कांकेर लोकसभा सीट से भाजपा को विजय बनाने अपार जनसमूह से समर्थन मांगा।

## नवरात्रि विशेष



### प्रथम : शैलपुत्री

मां नवदुर्गाओं में सबसे पहला नाम शैलपुत्री का है, जो गिरीराज हिमालय की पुत्री है। अपने पूर्व जन्म में ये प्रजापति दक्ष के यहां कन्या के रुप में उत्पन्न हुई थी। मां के दाहिने हाथ में शूल और बांए हाथ में कमल का फूल सुशोभित है। माता की शक्तियां अनन्त है। नवरात्र के पहले दिन भक्तगण इनकी आराधना करते हैं। एक बार प्रजापति दक्ष ने एक विशाल यज्ञ करवाया। उसमें सभी देवताओं को बुलाया लेकिन क्रोधवश शंकरजी को यज्ञ में नहीं बुलाया। सती तो जब पता चला कि पिताजी के यहां यज्ञ हो रहा है, तो उन्होंने वहां पर जाने की इच्छा जाहिर की। शंकर जी के काफी समझाने के बाद भी सती नहीं मानी तो शंकर जी ने उन्हें भेज दिया। सती ने पिता के यहां पहुंचकर देखा कि परिजनों का उनके प्रति व्यवहार ठीक नहीं है। कोई उनसे ठीक से बात नहीं कर रहा है। यह सब देखकर सती का हृदय क्षोभ, ग्लानि और क्रोध से भर उठा। तब उनको भगवान शंकर की याद आई और उन्होंने उसी क्षण योगाग्नि द्वारा अपने को भस्म कर लिया और सती हो गई। उसके बाद से इनको सती के नाम से जाना गया। मां के इस रुप की आराधना का मंत्र है।

वन्दे वाञ्छितलाभाय चंद्रार्धकृतशेखराम।
वृषारुढां शुलधरां शैलपुत्री यशास्विनीम।

# पतंजलि समिति बस्तर में खोलेगी भारतीय शिक्षा बोर्ड का गुरुकुलम




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

रविवार की सुबह साढ़े 5 से 8 बजे तक शहीद पार्क में पतंजलि योग समिति द्वारा योग सत्र की कक्षाओं तथा नगर वासियों योग प्रेमियों की उपस्थिति में आयोजित किया गया। जहां पर समिति नगर इकाई के अध्यक्ष उमेश सोनी ने अपने उद्बोधन में योग ऋषि स्वामी रामदेव महाराज के योग क्रांति के पश्चात शिक्षा में नए अभिनव क्रांति की शुरुआत हरिद्वार में आचार्यकुलम और गुरुकुलम खोलकर की है। जहां हजारों विद्यार्थी आज भारतीय शिक्षा बोर्ड के अंतर्गत शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। इस तर्ज पर पतंजलि योगपीठ हरिद्वार से प्राप्त निर्देशानुसार विभिन्न कक्षाओं के पाठ्य पुस्तक अब पूरे देश भर के स्कूलों में अपनाया जा रहा है। वहीं पतंजलि योग समिति जगदलपुर बस्तर जिले में एक गुरुकुल की स्थापना के लिए संकल्पित हैं। उन्होंने उपस्थित जनसमुदाय से अपील की इस अवसर पर नगर के सभी सुधीजन, योग के साथ-साथ शिक्षा के क्रांति में आगे आए हम अपने बच्चों को भारतीय संस्कृति तथा आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों पर आधारित शिक्षा हमारे बच्चों को मिले और हमारे बच्चे अपने जीवन में सफल हो सके। देश और अपने बड़ों का आदर कर ▶▶| शेष पेज 10 पर

### सिंधी समाज का रामनवमी पश्चात विराट योग शिविर

वही पूज्य सिंधी पंचायत के मनीष अध्यक्ष मनीष मूलचंदानी ने सिंधी समाज में रामनवमी के पश्चात विराट योग शिविर सिंधी समाज के नेतृत्व में करने की सहमति दी। इस अवसर पर पतंजलि योग परिवार के पदाधिकारी ने सभी आगंतुक अतिथियों का पुष्प तथा बैच पहन कर तिलक कर स्वागत किया अभिनंदन किया।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर विशेष रूप से नगर भाजपा अध्यक्ष सुरेश गुप्ता, भाजपा समाज समन्वयक जयराम , एचबी सिंह, नरेंद्र लुंकड,प्रकाश बापना, देवी सिंह चोपड़ा,राजेश चावड़ा,अरुण त्रिपाठी, राजेश सम्राट ,कुसुम पांडे,शंकर सेना,विजय, सी कर्नल पी राजू ,गजेंद्र देवांगन प्रकाश बाफना ,संजय मिनी शम्मी कपूर, नरेश खत्री ,रमापति दुबे, वैभव यादव, नीलिमा शाह, शुक्ला दास, गायत्री बरकस, बबीता पांडे ,ज्योति ठाकुर, गीता सिंह प्रमुख रूप से कार्यक्रम में अपनी सहभागिता प्रदान की। मंच पर योग के संचालन में पतंजलि योग समिति के उपाध्यक्ष मनोज चंद्रा तथा किरण दीवान ने सहयोग दिया। कार्यक्रम के अंत में जिला अध्यक्ष इला हरी प्रसाद राव ने सभी का आभार और धन्यवाद ज्ञापन किया।

### हनुमान चालीसा पाठ मंदिरों में नियमित हो रहा

इस योग क्षेत्र का संचालन पतंजलि योग समिति नगर ईकाई की अध्यक्षता मंजू लक्कड़ और बहनों की टीम ने किया। बैठक व्यवस्था को जिला प्रभारी इला हरी के प्रयास से सफलता के साथ किया गया। इस अवसर पर सर्व हिंदू समाज के विजय भारत ने नगर के सभी मंदिरों में हनुमान चालीसा पाठ को नियमितरूप से तथा योग कक्षाओं की नियमित संचालन में अपनी सहभागिता की इच्छा जताते हुए लक्ष्मीनारायण मंदिर,मावली माता मंदिर,काली मंदिर आदि में शीघ्र ही योग शिविर लगाने की बात कही।

## खबर संक्षेप

### दंतेश्वरी मंदिर में सुबह साढ़े 6 बजे सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ आज

**जगदलपुर।** भारतीय नव वर्ष चैत्र प्रतिपदा अवसर पर पतंजलि योग समिति तथा सर्व हिंदू समाज के नेतृत्व में सुबह 6:30 बजे मां दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण में सामूहिक हनुमान चालीसा का महापाठ आयोजित किया जाएगा। समस्त सनातनी हिन्दू परिवार को हनुमान चालीसा पाठ में सम्मलित होने के साथ ही आरती की थाली सजाकर सपरिवार धार्मिक अनुष्ठान में पहुंचने आग्रह पंतजलि योग समिति के प्रांत प्रभारी व सर्व हिन्दू समाज के विजय भारत ने किया है।

### दुर्गा शक्तिपीठ में ज्योति कलशों की स्थापना आज

**जगदलपुर।** कल 9 अप्रैल को दोपहर 12 बजे से दुर्गा सिद्ध शक्तिपीठ दरभा में चैत्र नवरात्रि पर्व पर ज्योति कलश की स्थापना की जाएगी। 9 अप्रैल को घट स्थापना, 13 अप्रैल को पंचमी पूजा और 16 अप्रैल को दुर्गाष्टमी पूजा का आयोजन किया जाएगा। प्रातः 11 बजे हवन, पूजा, भंडारा होगा। 17 अप्रैल को दुर्गा नवमीं पूजा व 18 अप्रैल को प्रातः 9 बजे कलश विसर्जन किया जाएगा। प्रति सायं 8 बजे जसगीत, भजन एवं कीर्तन का आयोजन किया जाएगा।

# मोदी हमारे परिवार के मुखिया हैं, वे जो बोलते हैं उसे पूरा करते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




बस्तर संभाग मुख्यालय से लगभग 40 किमी दूर गांव छोटे आमाबाल में प्रधानमंत्री की रैली मोदी मेला में तब्दील हो गया। कांकेर से लेकर कोंटा और अंतागढ़ से लेकर भोपालपटनम तक का अपार जन समूह पहुंचा। छोटे आमाबाल के देवा, लखमी, चंपा, सुदरी, चमेली, ताराबाई समेत कोंडागावं की अनिता, शामली व अन्य महिलाओं ने कहा मोदी हमारे परिवार के है, इसलिए उनकी गारंटी को मुख्यमंत्री पूरा करते हमारे खाते में दो माह की महतारी वंदन योजना की राशि भेजा। ग्रामीण महिलाओं से पूछा गया प्रधानमंत्री की गारंटी पर भरोसा है,तो तपाक से जवाब देते कांति ने कहा मोदी चो गारंटी आये तेबे तो आमचो छोटे गांव ले मेला लगाऊं सार यह है कि मोदी की गारंटी है इसलिए हमारे छोटे गांव में मेला से ज्यादा भीड़ से हमको व्यापार में एक दिन में साहूकार बना दिया। महिलाओं द्वारा सभा स्थल से 50 से 100 मीटर की दूरी पर सड़क के दोनों किनारे बाजार सजी थी,जहां सभा से वापस अपने गांव जा रहे ग्रामीणों की खरीदारी और चाय नाश्ता के लिए भीड़ जुटी थी। बाजार में साग-सब्जी समेत केला, पपीता, अमरूद, ककड़ी, संतरा, सेव समेत अन्य खाद्य सामग्री की दुकान लगी थी। कई स्थलों पर तो बस्तर का सबसे लोकप्रिय नाश्ता बोबो व बड़ा, भजिया की चलित होटल लगाया गया था। कुछ महिला व पुरुष सदस्यो से जो दूर दराज ग्रामीण क्षेत्रो से पहुंचे थे चर्चा में बताया देश के इतिहास में पहली बार मुख्य मार्ग से 15 किमी सुदूर गांव में कोई प्रधानमंत्री पहुंचा है। हमने तो मोदी को रेडियो में सुना था और टीवी में देखा था आज उनको पास से देखने ▶▶| शेष पेज 10 पर

- हमारे गांव में सोमवार को मोदी मेला था, पहली बार इतनी भीड़ देख आंखें फटी की फटी रह गईं

## नक्सलियों की केंद्रीय कमेटी ने माना तीन माह में 50 नक्सलियों की मुठभेड़ में मौत

**जगदलपुर।** माओवादियों की मध्य रिजनल ब्यूरो व सेंट्रल कमेटी के प्रवक्ता प्रताप ने प्रेसनोट जारी कर बीते 3 माह में 50 नक्सलियों की मुठभेड़ में मारे जाने की बात कबूल की है। वहीं पिछले पखवाड़े भर में सर्वाधिक 22 माओवादियों की मौत हुई है इसके विरोध में 13 से 15 अप्रैल के बीच प्रचार व आदोंलन के कार्यक्रमों के साथ 15 अप्रैल को छग के अलावा महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश व ओडिशा में बंद का आह्वान किया है।

- दो दशक में 5 हजार से अधिक साथियों के मारे जाने की बात कबूली

नक्सलियो की केंद्रीय कमेटी प्रवक्ता प्रताप ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि बीते 3 महीने में संगठन के 50 साथी मारे गए हैं। जारी बयान में बताया कि बीते 1 जनवरी से ऑपरेशन कगार चलाया जा रहा है। नक्सलियों ने चिपूरबट्टी में 6, कोरचेली में 13, पुजारी कांकेर में 3 और बालाघाट के केराझिरी डाबरी में 2 नक्सलियों की मौत की बात कही है। प्रेसनोट में बताया कि बीते बीस वर्ष में उनके कैडर के 5 हजार से अधिक लोग जिनमें उनके वैचारिक समर्थक भी शामिल हैं वे मारे गए हैं। नक्सल संगठन द्वारा बीते पखवाड़े भर में तीसरी बार बंद का ▶▶| शेष पेज 10 पर

# कांग्रेस की मानसिकता महिला विरोधी मतदाता सिखाएगी सबक : महापौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

महापौर सफीरा साहू ने कांग्रेस के बस्तर लोकसभा प्रत्याशी कवासी लखमा को जवाब देते हुये कहा कि कांग्रेस की मानसिकता स्त्री विरोधी है, पूर्व मंत्री की भाषा और उनका वक्तव्य इस बात को साबित करता है। उन्होंने स्वयं बता दिया है कि कांग्रेस व उनके नेताओं की महिलाओं के प्रति कैसी सोच है। महापौर ने कहा कि कांग्रेस के शीर्ष नेता भी ट्वीटर अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर निरंतर महिलाओं को अपमानित करते रहते हैं और दूसरी तरफ कांग्रेस, महिला न्याय गारंटी की बात करती हैं। देश और नगर की जनता सब देख रही है और लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को सबक सिखाने के लिए तैयार बैठी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने विभिन्न योजनाएं चाहे वह उज्वला योजना हो या प्रधानमंत्री आवास या फिर प्रदेश सरकार की महतारी वंदन योजना हो सभी में महिलाओं को नेतृत्व प्रदान कर न केवल आर्थिक रूप से सबल बनाया अपितु समाज में उचित सम्मान दिलाया है। इसके विपरित कांग्रेस व उनके नेता महिलाओं का खुलेआम अपमान करते हैं। कांग्रेस की महिला न्याय की बातें सफेद झूठ है। महिलाओं को दोयम दर्जे का समझा जाता है पार्टी में रहते हुए भी महिलाओं का अपमान किया जाता है और पार्टी छोड़ने के बाद भी उनके ▶▶| शेष पेज 10 पर



- प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भाजपा ने महिलाओं को बनाया आत्मनिर्भर और दिलाया सम्मान

## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124

# मतदान प्रशिक्षण में शराब पीकर आए दो सहायक शिक्षक निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विजय दयाराम के. ने मतदान के प्रशिक्षण कार्यक्रम में शराब पीकर आने वाले दो सहायक शिक्षकों को निलंबित तथा प्रशिक्षण में लापरवाही बरतने वाले एक पीठासीन और एक मतदान कर्मी 01 को कारण बताओ नोटिस जारी किया।

- प्रशिक्षण में लापरवाही बरतने वाले दो अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी

लोकसभा निर्वाचन-2024 के मतदान कर्मियों का 1 अप्रैल को विद्या ज्योति स्कूल में प्रशिक्षण आयोजित किया गया था। प्रशिक्षण में उपस्थित सहायक शिक्षक विनय कुमार मिंज, खगेश्वर कश्यप द्वारा मद्यपान का सेवन करने की शिकायत प्राप्त होने पर डॉक्टर मुलाहिजा कराये जाने पर डॉक्टर के द्वारा मद्यपान किये जाने की पुष्टि किया गया। विनय कुमार मिंज, खगेश्वर कश्यप द्वारा यह कृत्य छग सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम-23 के प्रतिकूल है। शिकायत प्रथम दृष्टया सही पाये जाने पर विनय कुमार मिंज और खगेश्वर कश्यप के विरुद्ध छग सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 09 के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया। इसके अलावा मतदान दल में पीठासीन ▶▶| शेष पेज 10 पर






## खबर संक्षेप

### 5 साल के हैदर ने रखा पहला व दूसरा रोजा



**फरसगांव।** मंगलवार से रमजान-उल-मुबारक का पवित्र महीना शुरू हो गया है। रहमतों व बरकतों से भरपूर इस महीने में जहां बड़ों ने रोजा रखकर शाम को इफ्तार की तो वही भीषण गर्मी में नन्हे मुन्ने बच्चे भी पीछे नहीं रहे है। बच्चों में भी रमजान को लेकर गजब का उत्साह देखा गया। बच्चों ने भी धूप व भीषण गर्मी में रोजा रखकर अल्लाह की इबादत की। जिसमें नगर पंचायत फरसगांव वार्ड क्रमांक 7 निवासी वल्ली मोहम्मद के 5 वर्ष के बेटे मोहम्मद हैदर ने रमजान का रोजा रखा। पहला रोजा रविवार और दूसरा रोजा सोमवार रखा, रोजा रखने पर रोजेदारों के घर में खुशी का माहौल रहा। परिवार के सभी सदस्यों में बच्चों को हार पहनाकर उनका इस्तकबाल किया और पहले रोजे पर घर में खास पकवान तैयार किए गए। दूसरे रोजे पर बच्चे को परिजनों ने उपहार भेंट किया, शाम को रोजा इफ्तार के दौरान बच्चों ने अपने मनपसंद के लजीज खाने का मजा लिया।


### मनरेगा श्रमिकों ने लिया मतदान करने का संकल्प

**कोण्डागांव।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार गांव गांव में मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत मनरेगा अंतर्गत कार्यस्थलों पर श्रमिकों को लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें कोण्डागांव विकासखण्ड के ग्राम पंचायत घोड़ागांव, खचगांव, मुनगापदर, बड़ेबेन्दरी, पोलंग, चिखलपुटी, चिपावण्ड, कोकोड़ी, बुनागांव, मड़ानार, मोहलई, भोगाड़ी, भीरागांव ब, माकड़ी, बनउसरी, नाहकानार, जोबा, कुम्हारपारा, हथकली, निलजी में मतदाता जागरूकता का कार्यक्रम चलाया गया। सभी श्रमिकों ने स्थानीय ग्रामीणों के साथ आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 में बिना किसी भय, लोभ के स्वयं मतदान करने एवं दूसरों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करने का संकल्प दिलाया गया

# बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं को घर पहुंचकर कराया जाएगा मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

लोकसभा निर्वाचन के दौरान निर्वाचन आयोग द्वारा बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं को दी गई घर में ही वोट डालने की सुविधा के अंतर्गत होम वोटिंग के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत के निर्देश पर शनिवार को जिला कार्यालय के प्रथम तल स्थित सभाकक्ष में मतदान दल के अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। कोंडागांव जिले के अंतर्गत कोंडागांव और नारायणपुर (आंशिक) विधानसभा क्षेत्र में 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग और 40 फीसदी के अधिक दिव्यांग मतदाताओं के लिए 8 और 9 अप्रैल को होम वोटिंग की व्यवस्था की जाएगी। इसी तरह केशकाल विधानसभा क्षेत्र में 13 से 17 अप्रैल के मध्य होम वोटिंग कराई जाएगी।





दरअसल, निर्वाचन आयोग ने दिव्यांग और 85 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों के लिए घर से मतदान कराने की व्यवस्था की है। कोंडागांव जिले में 64 दिव्यांग और 139 वरिष्ठ नागरिकों सहित कुल 204 मतदाताओं ने होम वोटिंग के लिए अपना आवेदन किया है। जिसमें बस्तर लोकसभा क्षेत्र के कोंडागांव विधानसभा क्षेत्र में 29 दिव्यांग तथा 58 बुजुर्ग नारायणपुर (आंशिक) विधानसभा क्षेत्र में 1 बुजुर्ग मतदाता और कांकेर लोकसभा क्षेत्रांतर्गत केशकाल विधानसभा क्षेत्र में 35 दिव्यांग तथा 81 बुजुर्ग मतदाता शामिल हैं। होम वोटिंग के लिए कोंडागांव विधानसभा में 7, नारायणपुर (आंशिक) विधानसभा के लिए 01 तथा केशकाल विधानसभा के लिए 06 सहित कुल 14 मतदान दल गठित किए गए हैं। प्रत्येक पोलिंग पार्टी में मतदान कार्मिक प्रथम और मतदान कार्मिक द्वितीय के साथ सेक्टर ऑफिसर, माइक्रो आब्जर्वर, वीडियोग्राफर और सुरक्षा गार्ड की तैनाती की गई है। इसके साथ ही मतदाता के सत्यापन के लिए राजपत्रित अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर अभ्यर्थी स्वयं या उनके निर्वाचन अभिकर्ता होम वोटिंग के निष्पक्ष मतदान की पूरी प्रक्रिया के अवलोकन के लिए उपस्थित रह सकते हैं। होम वोटिंग के दौरान मतदान की गोपनीयता की विशेष ध्यान रखी जाएगी। प्रशिक्षण के दौरान डाक मत पत्र के नोडल अधिकारी अश्वन पुसाम, केशकाल क्षेत्र के सहायक रिटर्निंग अधिकारी अंकित चौहान सहित तहसीलदारगण उपस्थित थे। मास्टर ट्रेनर वेणुगोपाल राव तथा मनोज डडसेना द्वारा होम वोटिंग के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

## कार्रवाई : महिला समेत तीन नक्सलियों पर था 11 लाख का इनाम घोषित

# तीन हार्डकोर समेत 9 माओवादी पालोड़ी के जंगल से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सुकमा पुलिस 11 लाख के इनामी तीन हार्डकोर नक्सली समेत 9 को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सलियों के खिलाफ हत्या का प्रयास समेत विस्फोटक अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था। गिरफ्तार सभी नक्सलियों को जेल भेजा गया। गिरफ्तारी में जिला बल व डीआरजी के अलावा 208 कोबरा व 212, 217 बटालियन सीआरपीएफ की अहम भूमिका रही।

- गिरफ्तार नक्सली न्यायालय में पेश, भेजे गए जेल



सुकमा जिले में आईजी सुन्दरराज पी, डीआईजी कमलोचन कश्यप, डीआईजी सीआरपीएफ कोंटा रेंज सुनीत कुमार राय के मार्गदर्शन व एसपी सुकमा किरण चव्हाण, कमाण्डेन्ट 208 बटालियन कोबरा, जितेन्द्र कुमार ओझा, कमाण्डेन्ट 217 बटालियन सीआरपीएफ सतीश कुमार दुबे, कमाण्डेन्ट 212 बटालियन सीआरपीएफ दीपक कुमार श्रीवास्तव के निर्देश व एएसपी निखिल अशोक कुमार राखेचा, एसडीओपी मरईगुड़ा शिखर मरावी के पर्यवेक्षण में नक्सल उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर 6 अप्रेल को थाना किस्टाराम से जिला बल, डीआरजी, 208 वाहिनी कोबरा, 212, 217, वाहिनी सीआरपीएफ की सयुक्त पार्टी नक्सली गश्त सर्चिंग के लिए ग्राम पालोड़ी व आस-पास के क्षेत्र की ओर रवाना हुई थी। अभियान के दौरान पालोड़ी के जंगल में कुछ संदिग्ध लोग पुलिस पार्टी को अपने ओर आते हुए देखकर भागने लगे जिन्हें घेराबंदी कर 2 महिला समेत 9 लोगों को पकड़ा गया। गिरफ्तार नक्सलियों में 8 लाख का इनामी सुखराम उर्फ माड़वी आयता सीआरसी मेंबर सीवायपीसीएम 35 वर्ष निवासी बुर्कलंका थाना किस्टाराम के अलावा 2 लाख की ईनामी कलमु देवे दक्षिण बस्तर डिवीजन डीवीसी मेंबर 24 वर्ष निवासी पुट्टेपाड़, 1 लाख की इनामी सोड़ी आयता पालाचलमा आरपीसी मिलिशिया कमाण्डर 30 वर्ष निवासी टेटेमड़गू, कलमु गंगी किस्टाराम एरिया जनताना सरकार सदस्या्र 20 वर्ष निवासी टेटेमड़गू पेसेलपाड़, कवासी लिंगा मिलिशिया सदस्य 41 वर्ष निवासी पेसेलपाड़ टेटेमड़गू, मड़कम पोज्जा टेटेमडगू आरपीसी डीएकेएमएस सदस्य 32 वर्ष निवासी टेटेमडगू दोरागुड़ेम पारा, मड़कम भीमा टेटेमडगु आरपीसी डीएकेएमएस अध्यक्ष 45 वर्ष निवासी टेटेमड़गू, रव्वा जोगा टेटेमड़गू आरपीसी सीएनएम सदस्य 35 वर्ष निवासी दोरागुड़ेम टेटेमड़गू व वंजाम माड़ा भूमकाल मिलिशिया सदस्य 23 वर्ष निवासी टेटेमड़गू पेसेलपाड़ थाना किस्टाराम शामिल है।

गिरफ्तार नक्सलियों के खिलाफ थाना किस्टाराम में पूर्व से धारा 307 भादवि. 4, 5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज है। गिरफ्तार नक्सलियों को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया।

# मंच पर भोजराज, महेश, ओपी व टेकाम की होती रही गुफ्तगूं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की छत्तीसगढ़ में पहली चुनावी सभा में मौसम ने भी साथ दिया। 12 बजे प्रधानमंत्री की सभा होने की बात कही गई थी इसलिए सुबह 9 बजे से ही लोग सभा स्थल पर पहुंचने लगे थे। 11 बजे तक तमाम वीआईपी और मीडिया कर्मी कड़ी सुरक्षा के चलते स्थल में पहुंच गए थे। लेकिन प्रधानमंत्री का आगमन पौने 2 बजे हुआ। लगभग 2 घंटे के विलंब के चलते लोगों को प्रधानमंत्री को सुनने और देखने इंतजार करना पड़ा लेकिन मौसम सुहाना होने से लोगों को गर्मी का एहसास ही नहीं हुआ। इसके अलावा मंच के बगल में गीत, संगीत का कार्यक्रम चल रहा था जो बीच-बीच में गीत सुनाकर भाजपा का गुणगान करते हुए लोगों का मनोरंजन करते रहे। वैसे 1 बजे तक पंडाल के भीतर के कुछ दीर्घाओं में कुर्सियां खाली रहने से मंच पर मौजूद बड़े नेताओं में चिंता देखी जा रही थी। इसलिए बार-बार मंच से कहा जा रहा था कि लोगों को पंडाल में आने दिया जाए, ज्यादा सख्ती न बरतें। बहरहाल मंच और मंच से बाहर दर्शक दीर्घा में नेताओं की मौजूदगी पर चर्चाएं भी चलती रही।

- दो घंटे विलंब से पहुंचे प्रधानमंत्री, मौसम ठंडा होने से लोगों को मिली राहत

बस्तर और कांकेर के प्रत्याशी महेश कश्यप और भोजराज नाग आपस में बतियाते रहे। दर्शक दीर्घा में बैठे नेता उनकी चर्चाओं के बीच टिप्पणी करते रहे कि दोनों अपने-अपने सीट के बारे में प्रचार प्रसार के साथ-साथ कितने वोट से जीतेंगे इस पर गुप्तगु कर रहे हैं। अब उनका बेड़ापार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ही करेंगे। मोदी और रामलला का आर्शिवाद उनके लिए राम बाण साबित होगा। वहीं मंच पर आईएएस अफसर से नेता बने ओपी चौधरी और नीलकंठ टेकाम के बीच भी गुप्तगु होती रही। डायरेक्ट आईएएस जो दंतेवाड़ा में कलेक्टर रहे और एजुकेशन हब के शिल्पी बने ओपी चौधरी को 10 साल बाद नौकरी छोड़ने का ईनाम मिला।

### केदार, दिनेश, वेदवती मंच पर, शांति दर्शक दीर्घा में

बलीराम कश्यप परिवार के कई सदस्य कार्यक्रम में मौजूद रहे। केदार कश्यप मंत्री के रूप में दिनेश कश्यप पूर्व सांसद और उनकी पत्नी वेदवती कश्यप जिला पंचायत अध्यक्ष होने के कारण मंच पर बैठे थे। वहीं केदार कश्यप की पत्नी शांति कश्यप दर्शक दीर्घा में दिखाई पड़ी। जिला पंचायत उपाध्यक्ष और हाल ही में बस्तर विधानसभा से चुनाव हारे मनीराम कश्यप को दर्शक दीर्घा में देखकर पूछा गया आप मंच पर कैसे नहीं हैं। उन्होंने कहा मंच का पास तो है लेकिन सिक्यूरिटी वाले आई कार्ड मांग रहे थे इसलिए यहां आकर बैठ गया।

### सभी पूर्व विधायक भाग्यशाली नहीं रहे

मंच पर पूर्व विधायकों में संतोष बाफना, डा. सुभाऊ कश्यप, लच्छूराम कश्यप, महेश गागड़ा नजर आए। वहीं राजाराम तोड़ेम और सेवकराम नेताम दर्शक दीर्घा में बैठे रहे। कुछ भाजपाईयों ने पूछा मंच में क्यों नहीं गए। तब तोड़ेम ने कहा हमारे कुछ नेता नहीं चाहते की हम वहां बैठें। लेकिन ट्रायबल मंत्री रामविचार नेताम ने मंच से ही सेवकराम और तोड़ेम का नाम लेकर उन्हें खुश कर दिया।

# वंदेमातरम के रचयिता बंकिम चंद्र चटर्जी की पुण्यतिथि मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

भारत के महान लेखक कवि राष्ट्रवाद के प्रणेता बंकिम चंद्र चटर्जी की पुण्यतिथि 8 अप्रैल को प्राथमिक शाला जोंदरापदर में उनके राष्ट्रभक्ति में अतुलनीय योगदान को याद किया गया स हर रोज की तरह बच्चों ने वन्दे मातरम गीत गाकर श्रद्धांजलि अर्पित की।




सन 1874 में प्रसिद्ध देशभक्ति गीत वन्दे मातरम की रचना की गयी। जिसे बाद में आनंद मठ उपन्यास में शामिल किया गया। वन्दे मातरम गीत सबसे पहले 1896 में कोलकाता अधिवेशन में गया गया था। 24 जनवरी 1950 को राष्ट्रीय गीत का दर्जा दिया गया।स वन्दे मातरम गीत बच्चों में देशभक्ति की भावना भरने के साथ गीत का गायन उनके रोम रोम को पुलकित कर देता है। पूरे भारत वर्ष में उनका नाम वंदे मातरम गीत के कारण बहुत ही आदर और सम्मान के साथ लिया जाता है। उनमें राष्ट्रीयता व स्वभाषा प्रेम कूट–कूट कर भरा हुआ था।

उन्होंने अपने एक मित्र का अंग्रेजी में लिखा हुआ पत्र यह कहते हुए लौटा दिया था की अंग्रेजी न तो मेरी मातृभाषा है न हीं तुम्हारी। आज उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।

# मनीष और विजय के रोजा इफ्तार देने की परंपरा जारी

**नारायणपुर।** मुस्लिम समाज का पवित्र रमजान माह चल रहा है, जिसमे मुस्लिम समुदाय के रोजेदार महीने भर का रोजा रखकर अपना धार्मिक फर्ज अदा कर रहे है। इस माहे रमजान का मुस्लिम समुदाय में विशेष महत्त्व रहता है। सुबह सूरज निकलने से पहले रोजेदार रोजा की नियत बांध लेता है और सूरज अस्त होते समय रोजा खोलते है। शाम को सूर्यास्त के समय सभी मुस्लिम भाई मस्जिद के पास इकट्ठा हो कर अपने अपने घरों से पकवान लाते है और मिलजुल कर समायानुसार रोजा खोलते हैं। मनीष राठौर पिछले 17 सालो से मुस्लिम समुदाय को रोजा इफ्तार करवाते आ रहे है। साथ ही पिछले दो वर्षों से तहसीलपारा वार्ड क्र.-03 के पार्षद विजय सलाम भी यह परंपरा निभाते आ रहे है। मनीष राठौर व विजय सलाम के इस पवित्र कार्य से मुस्लिम समुदाय में काफी खुशी है। मुस्लिम समुदाय के अध्यक्ष मो. फिरोज ने मनीष राठौर और विजय सलाम को तहेदिल से मुस्लिम समाज की ओर से धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कि शहर नारायणपुर में ऐसा कार्य दो मजहबों के बीच आपसी प्रेम, सौहार्द और मजबूत भाईचारा को दर्शाता है।



## पिता के लिए बेटे ने मांगा समर्थन



**जगदलपुर।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सोमवार को कांग्रेस लोकसभा प्रत्याशी कवासी लखमा के पुत्र सुकमा जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी बारूपाटा में चुनावी सभा लेते कांग्रेस प्रत्याशी और उनके पिता के लिए समर्थन मांगा। मालूम हो बारूपाटा चित्रकोट विधानसभा के ब्लाक तोकापाल में सम्मलित है।

## पेज 9 के शेष

### मोदी की गारंटी...

में धांधली कर अयोग्य की भर्ती की गई। सीएम ने कहा हमारी सरकार उन भर्तियों को रद्द करते इस गड़बड़ी की जांच का निर्देश देते मामला को सीबीआई को सौंपा गया है। उन्होंने प्रदेश के युवाओं को प्रधानमंत्री की उपस्थिति में भरोसा देते कहा घोटाला में सम्मलित लोगों को जेल जाना होगा। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को भरोसा देते कहा आपके आर्शिवाद से प्रदेश में विकास के कार्य और मोदी की गारंटी को पूरा किया जाएगा। जिसके बलबूते छग की सभी 11 लोकसभा बस्तर और कांकेर दोनों सीट जीतकर देंगे यह विश्वास मैं प्रधानमंत्री को देना चाहता हूं। इस दौरान वित्त मंत्री ओपी चौधरी, राज्य सभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह, कांकेर सांसद मोहन मंडावी, केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम, चित्रकोट विधायक विनायक गोयल, कुरूद विधायक अजय चंद्राकर, भूपेंद्र सवन्नी, कमलचन्द्र भंजदेव, निरंजन सिन्हा, महेश जैन, संतोष बाफना, लच्छूराम कश्यप, महापौर सफीरा साहू, प्रेम प्रकाश पांडे, वेदवती कश्यप, डा. सुभाऊ कश्यप, मनीराम कश्यप, रजनीश सिंह, श्रीनिवास मद्दी, रूपसिंग मंडावी, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता संजय पांडे समेत दोनों लोकसभा बस्तर और कांकेर से बड़ी संख्या में अपार जनसमूह पंडाल में और बाहर तक मौजूद रहा। संचालन पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व कोंडागांव विधायक लता उसेंडी तथा आभार अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेंडी ने माना।

### पतंजलि समिति...

सकें रोग और शोक से दूर रहें। इसलिए हम सबको भारतीय शिक्षा बोर्ड द्वारा संचालित पाठ्यक्रम अनुसार एक गुरुकुल के निर्माण पर बल दिया।

इस अवसर पर पतंजली योग समिति छत्तीसगढ़ डॉ मनोज पाणीग्राही ने सभी योग साधकों को योग तथा ध्यान की जानकारी देते हुए अभ्यास कराया। इस दौरान एक्यूप्रेशर, सूर्य नमस्कार , यौगिक जॉगिंग,यौगिक नृत्य आदि के साथ सभी योग साधक जमकर योगाभ्यास किया। इस अवसर पर लोकसभा प्रत्याशी महेश कश्यप ने सभा को संबोधित करते हुए जीवन में योग की उपयोगिता और आज की आवश्यकता योग के बारे में कहा। वही पूर्व अध्यक्ष वन विकास निगम श्रीनिवास मद्दी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा लोकतंत्र के महापर्व सभी को घर से निकलकर मतदान करने की अपील की उपस्थित जनसमुदाय ने योग भारतीय शिक्षा बोर्ड अनुसार गुरुकुलम की स्थापना पर तन मन धन से आगे आने की बात कही। इस अवसर पर पतंजलि योग परिवार के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी तथा कार्यकालिनी सदस्यों ने दीप प्रज्वलन कर ध्यान योग सत्र का शुभारंभ किया। अंत में हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ कर सभा का समापन किया गया।

### मोदी हमारे परिवार...

का मौका मिला। यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है। ग्रामीणों में प्रधानमंत्री को लेकर काफी उत्साह देखा गया।

वाहनों की लगा काफिला

प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की खबर सुनकर छोटे आमाबाल से सटे दर्जनों गांव के अलावा लोहंडीगुड़ा, भानपुरी, बस्तर, कोंडागावं, जगदलपुर, केशकाल, तोकापाल, दरभा, बास्तानार, नगरनार, दरभा, गीदम, दंतेवाड़ा, बीजापुर, बचेली, किरन्दुल, सुकमा, कांकेर, अंतागढ़ व रायपुर से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 भानपुरी से 15 किमी दूर चित्रकोट मार्ग के मध्य छोटे आमाबाल में ग्रामीणों ने बताया हम अपने जीवन में पहली मर्तबा एक साथ सैंकड़ों वाहनों का काफिला एक साथ गुजरते देखा। बड़ी तादात में वाहनों से घण्टो जाम की स्थिति भी निर्मित हुई,जब लोग प्रधानमंत्री के आमसभा खत्म होने के बाद अपने अपने गंतव्य की ओर वापस जाने लगे।

### नक्सलियों की केंद्रीय कमेटी...

आव्हान किया गया है इससे पूर्व दो बार बंद का आव्हान दक्षिण बस्तर के बीजापुर व सुकमा जिले में किया गया था। वहीं 15 अप्रैल के बंद के आव्हान के साथ ही आवश्यक सेवाओं को मुक्त रखे जाने की बात केन्द्रीय कमेटी प्रवक्ता ने लिखी है।

### कांग्रेस की मानसिकता...

लिए अभद्र भाषा का प्रयोग किया जाता है। कवासी लखमा का बयान कांग्रेस पार्टी की झूठी महिला न्याय की बातों की कलई खोल रहा है। महापौर ने कहा कि उन्होंने कांग्रेस पार्टी छोड़ने की जो वजह बताई थी, कांग्रेस के नेता अपने बयानों से उसे सही साबित कर रहे हैं।

### मतदान प्रशिक्षण में...

अधिकारी का प्रशिक्षण कार्यक्रम 7 अप्रैल में शराब का सेवन के संदेह के आधार पर चिकित्सीय जांच में पुष्टि होने पर व्याख्याता (1) भदरू राम बघेल को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है। इसी प्रकार मतदान अधिकारी क्रमांक 1 द्वितीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षण के दौरान बगैर किसी सूचना के अनाधिकृत रूप से प्रशिक्षण छोड़कर जाने वाले प्रधान पाठक रमेश कुमार नगे को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

## गांव-गांव में प्रत्याशी का प्रचार जोरों पर

# कांग्रेस प्रत्याशी बीरेश ने ली बैठक, कार्यकर्ताओं ने फतह की ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

लोकसभा का चुनावी दंगल शुरू हो गया है। कांकेर लोकसभा से 9 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन दाखिल किया है। कांग्रेस ने फिर एक बार बीरेश ठाकुर पर भरोसा जताते हुए अपना प्रत्यासी बनाया है । जिसे बाद से प्रत्यासी बीरेश ठाकुर इन दिनों जनसंपर्क में जुट गए है। अपने लोकसभा क्षेत्र के गाँवो में हर दिन कार्यकर्ताओ के साथ जाकर जनता से अपने जीत के लिए आशीर्वाद मांग रहे हैं ।

इस दौरान 08 अप्रैल सोमवार को बीरेश ठाकुर फरसगांव पहुचे और क्षेत्र के कार्यकर्ताओ की बैठक लिए। बैठक में उपस्तिथ सभी कार्यकर्ताओं से कहा कि इस लोकसभा चुनाव मैं नही लड़ रहा है बल्कि आप सभी लड़ रहे हैं। हम सभी एकजुट होकर इस बार कांकेर लोकसभा फतेह करेंगे। सभी से अपील करते हुए कहा कि सभी अपने अपने गाँवो में घर घर जाकर कांग्रेस की पांच गारंटियों को बताते हुए भारी मतों से जीत दिलाने आशीर्वाद मांगे ।





### 5 गारंटी लेकर आई है कांग्रेस

वर्ष 2019 में लोकसभा चुनाव में कांकेर लोकसभा सीट से बीरेश ठाकुर कॉंग्रेस प्रत्यासी थे, जो भाजपा प्रत्यासी मोहन मंडावी से करीबन 6 हजार वोट से हारे थे। इस बार की उनकी रणनीति कांकेर लोकसभा फतेह करने की है । चुनावी मुद्दों में हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे का और केंद्रीय नेताओ को धन्यवाद देना चाहता हूं. उन्होंने देश की जनता के लिए 5 गारंटी लेकर आए है. वह 5 गारंटी को लेकर हम आम जनता तक जा रहे हैं. निश्चित ही हमारी सरकार केंद्र में बनती है तो 5 गारंटी को लागू करेंगे. इन्ही गारंटी से हम कांकेर लोकसभा को जीतेंगे।

इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी रवि घोष,जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मातलाम, ब्लाक अध्यक्ष दिनेश जायसवाल, मनहेर कोर्राम, विजय लांगड़े, शिवलाल मंडावी, मनीता नेताम, श्रीमती राज मरकाम,पवन दुग्गा, रेखा नेताम, कपिलकान्त नाग, जयलाल नाग, गुरमीत सिंह पंधेर, उग्रेश मरकाम, महेंद्र पाण्डे, संदीप साहू, विशाल शर्मा, दुलम सिंह नाग,टिंडों नेताम, गोल्डी बदेशा, मृणाल घोष सहित क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने मतदान कर्मियों को दिलवाई शपथ





**जगदलपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी विजय दयाराम के. ने मतदान दलों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि मतदान दल अपने दायित्व का बेहतर तरीके से निर्वहन कर मतदान कार्य को निर्विघ्न संपादित करवाएंगे। मतदान के इस पर्व में सभी के सहयोग से निर्विघ्न संपन्न करवाने का प्रयास है, हमने विधानसभा निर्वाचन के लिए आवश्यक तैयारी की, जिसके कारण निर्वाचन में मतदान प्रतिशत में वृद्धि हुई और निर्वाचन के सभी कार्य का बेहतर क्रियान्वयन हो सका। प्रशासन अपने जिले की मानव संसाधन की विश्वास और शक्ति को समझता है। मुझे विश्वास है कि लोकसभा निर्वाचन में भी हम इसी प्रकार से निर्वाचन कार्यों को संपादित करेंगे। कलेक्टर ने कहा कि सभी मतदान दलों का तृतीय चरण का प्रशिक्षण 14,15 और 16 अप्रैल को आयोजन की जाएगी, जिसमें दलों के छोटी-मोटी कमीपेशी को दूर किया जाएगा। मतदान के दिन घबराएं नहीं, सावधानी से मतदान प्रक्रिया को सम्पादित करवाएं।
प्रशासन की मंशा है समय पर सभी अपने दायित्व को पूर्ण करें, इसके लिए आवश्यकता अनुरूप तैयारी रखें। 19 अप्रैल को सुबह 7 बजे से मतदान किया जाना है। यदि कोई दिक्कत हो तो तत्काल निराकरण करने की पहल करें, सेक्टर अधिकारी से लगातार सम्पर्क में रहें।

# 20 वर्ष विधायक व 5 वर्ष मंत्री रहकर लखमा ने नहीं किया क्षेत्र का विकास : दीपिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिंदगढ़

लोकसभा चुनाव में सुकमा जिले में जहां स्थानीय विधायक व कांग्रेस से उम्मीदवार कवासी लखमा स्वयं लगातार दौरा कर रहे हैं। वहीं भाजपा के कार्यकर्ता भी गांव-गांव मतदाताओं के पास पहुंचकर नरेंद्र मोदी को तीसरी दफा प्रधानमंत्री बनाने के लिए मत अपील कर रहे है।

### गुम्मा व कोडरीपाल पहुंची दीपिका

छिंदगढ़ विकासखण्ड के संवेदनशील क्षेत्र गुम्मा कोडरीपाल के मतदाताओं के पास जोन प्रभारी भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष आदिवासी नेत्री अधिवक्ता दीपिका शोरी, मण्डल अध्यक्ष छिंदगढ़ अमर पोयाम के साथ आज पहुंची। वहां के मतदाताओं को विष्णु देव सरकार के 100 दिन के कार्यकाल को बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार की उपलब्धियों को बताकर भाजपा के पक्ष में मतदान करने कहा।



### युवा करें अपने मताधिकार का उपयोग

दीपिका ने युवाओं को कांग्रेस के प्रत्याशी कवासी लखमा के कार्यकाल को सम्बोधित करते हुए कहा कि 20 वर्ष विधायक व 5 वर्ष मंत्री रहकर भी कवासी लखमा ने क्षेत्र का विकास नहीं किया। रमन सरकार के कार्यों को व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के कार्यों को झूठ बोलकर अपनी उपलब्धि बताते हैं और अब जनता को ठगने दिल्ली का रास्ता देख रहे हैं पर सुकमा की जनता अब उन्हें अच्छी तरह समझ गई है, वो उनके झांसे में आने वाले नहीं हैं। दीपिका ने युवाओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने प्रेरित किया।

### बेरोजगार युवाओं को ठगा है लखमा ने

दीपिका ने यह भी कहा कि पिछले दिनों सुकमा जिले में जिस प्रकार युवाओं ने बेरोजगारी को लेकर आंदोलन किया व विधानसभा चुनाव में लखमा का जगह-जगह बहिष्कार हुआ। इससे उन्हें अपनी वास्तविकता समझ जाना चाहिए। सुकमा का युवा अब जाग चुका है, इस चुनाव में भाजपा की जीत तय है।

## हॉस्टल, स्टेडियम, ग्रंथालय, ऑडिटोरियम, तरणताल, पर्यटन सूचना केंद्र का होगा प्रबंधन

# परिसम्पतियों के प्रबंधन एवं रख-रखाव के लिए कलेक्टर ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



जिला कार्यालय के सभा कक्ष में आज कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने दंतेवाड़ा धाम प्रबंधन सोसायटी के संबंध में आवश्यक बैठक आहुत की। ज्ञात हो कि जिला प्रशासन द्वारा दंतेवाड़ा धाम प्रबंधन सोसायटी के माध्यम से जिले में संचालित हो रहे समस्त शासकीय परिसम्पतियों एवं संसाधनों के रख-रखाव को नवीन कलेवर देने के साथ-साथ उन्हें बहुउद्देशीय तथा उन्हें आम जनों के लिए अधिक उपयोगी बनाया जाएगा।

इसके अंतर्गत ट्रांजिट हॉस्टल, इंडोर स्टेडियम, ग्रंथालय, ऑडिटोरियम, तरण ताल, पर्यटन सूचना केंद्र के साथ-साथ ट्राइबल म्यूजियम, सी-मार्ट, कैफेटेरिया, मिलेट एवं आदिम कैफे हाउस इत्यादि शामिल रहेंगे। इन परिसम्पतियों के प्रबंधन एवं रख-रखाव हेतु व्यावसायिक दृष्टिकोण को भी ध्यान में रखा जाएगा, ताकि आजीविका संवर्धन इन्हें बहुउपयोगी बनाए जा सकें।

इस कड़ी में कलेक्टर ने दंतेवाड़ा धाम प्रबंधन सोसायटी के उद्देश्य और लक्ष्य के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि सोसायटी का राष्ट्रीयकृत बैंक में बचत खाता खोला जाएगा। इसके तहत आंवराभाटा स्थित ट्रांजिट हॉस्टल का नवीन सिरे से संचालन सोसाइटी के माध्यम से किया जाएगा और जिले के दन्तेवाड़ा, गीदम एवं बारसूर इंडोर स्टेडियम में अनेक प्रकार के प्रतियोगिताओं के आयोजन और संचालन में भी सोसाइटी की प्रमुख भूमिका रहेगी। इसके अलावा इंडोर स्टेडियम परिसर में स्थित शॉपिंग काम्प्लेक्स एवं कैंटीन की नीलामी की प्रक्रिया, माता दंतेश्वरी मंदिर परिसर दन्तेवाड़ा में पर्यटन सूचना केन्द्र का संचालन, डाइट परिसर दन्तेवाड़ा में आदिम जनजातियों के जीवन में उपयोग होने वाले पुरातात्विक सामग्रियों के संकलन एवं संवर्धन किये जाने हेतु ट्राइबल म्यूजियम की स्थापना, नये लाइब्रेरी में पाठकों के पंजीयन एवं मासिक शुल्क का निर्धारण, पुराने लाइब्रेरी के संचालन के संबंध में निर्णय, जिले में सूचनाओं के प्रचार-प्रसार को अधिकतम लोगों तक पहुंचाने के लिए सामुदायिक रेडियों के संचालन का प्रस्ताव, दन्तेवाड़ा ऑडिटोरियम (पिक्चर हॉल) के आय-व्यय का लेखा एवं नये सिरे से दर का निर्धारण साथ ही पुराना सर्किट हाउस में स्थित तरणताल एवं स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स, आस्था गुरुकुल विद्यालय के सामने ऑफिसर्स क्लब, एकता परिसर पातररास, पब्लिक ट्रांसपोर्ट बस सर्विसेस अंतर्गत पर्यटन स्थलों में पर्यटकों की संख्या बढ़ाने के लिए उपयुक्त टैक्सी वाहनों का संचालन, आडिटोरियम एजुकेशन सिटी जावंगा गीदम को किराया में दिये जाने, हाई स्कूल मैदान एवं चितालंका खेल स्टेडियम का किराया निर्धारण एवं रख-रखाव, शासन की योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु गीदम एवं पालनार में एलईडी स्क्रीन के संचालन के संबंध में भी कलेक्टर द्वारा अधिकारियों के साथ विचार मंथन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक गौरव राय, सीईओ जिला पंचायत कुमार बिश्व रंजन, अपर कलेक्टर राजेश पात्रे सहित अन्य विभाग प्रमुख उपस्थित थे।

# परिस्थितियों से घबराएं नहीं धैर्य से करें निराकरण : गणेशन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

किसी भी स्थिति में घबराएं नहीं, अचानक आने वाली समस्या का निराकरण शांत दिमाग से करना होगा, उक्त बातें सामान्य प्रेक्षक डॉ. जे गणेशन ने मतदान दलों के प्रशिक्षण सत्र में कही। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को सवाल किए कि क्या कोई मतदान केंद्र में हथियार के साथ आ सकता है, मॉकपोल के दौरान कितने एजेंट रह सकते हैं। प्रशिक्षण ले रहे मतदान दलों ने बखूबी जवाब दिया। बस्तर लोकसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक डॉ. जे. गणेशन ने सोमवार को मतदान दलों के द्वितीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया।

- सामान्य प्रेक्षक ने मतदान दलों के द्वितीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया निरीक्षण

सामान्य प्रेक्षक गणेशन ने निरीक्षण के दौरान प्रशिक्षण ले रहे पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रमांक 1, 2, 3 तथा संगवारी मतदान दलों के रिजर्व दल से मतदान के दिन मॉकपोल से लेकर मतदान समापन तक की जाने वाली हर गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। साथ ही सभी जरूरी प्रपत्रों का समय पर अद्यतन करना, समय-समय पर दी जाने वाली जानकारी के संबंध में भी संज्ञान लिया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रकाश सर्वे, शिक्षा अधिकारी भारती प्रधान सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# दिव्यांग एवं वयोवृद्ध मतदाताओं ने डाक मतपत्र के जरिये घर पर किया अपने मताधिकार का उपयोग







हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मतदान केंद्रों तक पहुंच पाने में असमर्थ दिव्यांग मतदाताओं सहित 85 वर्ष से अधिक आयु के वयोवृद्ध मतदाताओं के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से घर पर ही मतदान करने की व्यवस्था की गई है। जिसके तहत सोमवार को जिले में ऐसे दिव्यांग मतदाताओं के साथ ही 85 वर्ष से अधिक उम्र के वयोवृद्ध मतदाताओं ने डाक मतपत्र के जरिये अपने मताधिकार का उपयोग किया और अन्य मतदाताओं को भी अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रेरक सन्देश दिया। इन दिव्यांग मतदाताओं तथा 85 वर्ष से अधिक आयु के वयोवृद्ध मतदाताओं से मतदान कराये जाने के लिए मतदान दल उनके घर पहुंची, तो परिजनों के साथ पड़ोसी भी लोकतांत्रिक प्रणाली के इस निर्वाचन पर्व की बेहतर व्यवस्था को सराहनीय पहल निरूपित किया। विधानसभा क्षेत्र जगदलपुर के अंतर्गत जगदलपुर शहर के भैरमदेव वार्ड निवासी 88 वर्षीया बुजुर्ग महिला मतदाता कुसमदेवी रावल ने उम्रदराज होने और चलने-फिरने की दिक्कत के बावजूद डाक मतपत्र से मतदान कर अन्य मतदाताओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बन गई। इसी तरह हाउसिंग बोर्ड कालोनी बोधघाट निवासी 86 वर्षीया वयोवृद्ध महिला मतदाता उषा खेडुलकर ने भी डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने के लिए उत्साह दिखाया, उन्होंने मतदान के पहले पूछकर न केवल निर्धारित फार्म में हस्ताक्षर किया, बल्कि पंजी में हस्ताक्षर करने की प्रक्रिया को भी इत्मिनान से पूरा किया। वहीं बस्तर विधानसभा क्षेत्र के पल्ली चकवा निवासी 87 वर्षीया इंदुमती पांडे ने भी घर में डाक मतपत्र के द्वारा अपने मताधिकार का उपयोग किया।

### दिव्यांग मतदाताओं ने साबित की अपनी सक्षमता

*लोकतंत्र के इस पावन निर्वाचन पर्व में दिव्यांग मतदाताओं ने भी सहभागिता निभाकर अपनी सक्षमता साबित करने सहित अन्य मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया। जगदलपुर शहर के पंडित सुंदरलाल शर्मा वार्ड के 40 वर्षीय दिव्यांग मतदाता सीएच विजयमूर्ति ने परिजनों के सहयोग से डाक मतपत्र के द्वारा मतदान किया। वहीं शांति नगर वार्ड की 28 वर्षीया युवा दिव्यांग मतदाता खुशबू जॉनसन ने दोनों हाथों से निःशक्त होने के बावजूद स्वयं निर्धारित फार्म और पंजी में हस्ताक्षर कर अपने मताधिकार का उपयोग किया। खुशबू ने घर पर ही मतदान करने के बाद निर्वाचन आयोग की इस अनूठी पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस व्यवस्था से अनेक दिव्यांग तथा बुजुर्ग मतदाताओं को घर बैठे मतदान करने की सुविधा होगी और उन्हें अपने जनप्रतिनिधि चुनने का अवसर मिलेगा। इस दौरान खुशबू ने सभी मतदाताओं को मतदान में व्यापक सहभागिता निभाने का आग्रह भी किया।*

### 5 विशेष मतदान दलों का किया गठन

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विजय दयाराम के.के मार्गदर्शन में मतदान केंद्रों तक पहुंच पाने में असमर्थ दिव्यांग मतदाताओं एवं 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं हेतु डाक मतपत्र की व्यवस्था की गई है। जिसके लिए जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों सहित आंशिक रूप से समाहित नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए कुल 5 विशेष मतदान दलों का गठन कर 12 डी में किए आवेदन के आधार पर मतदान कराया जा रहा है। जिसमें घर-घर किये गए विशेष संक्षिप्त सर्वेक्षण में बीएलओ द्वारा चिन्हित मतदाताओं को डाक मतपत्र की सुविधा प्रदान की जा रही है। जिसके तहत सोमवार को जिले के बस्तर, जगदलपुर और चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र के कुल 37 दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। वहीं बस्तर जिले में आंशिक तौर पर समाहित नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के चिह्नित ऐसे वर्ग के 4 मतदाताओं ने डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान में सहभागिता निभाया। इन मतदाताओं से घर पर ही मतदान करने की सहमति ली गई थी और उन्हें डाक मतपत्र से मतदान करने हेतु निर्धारित कार्यक्रम की जानकारी समय पूर्व दी गई थी।

### सड़कों में गति अवरोधकों के निर्माण के लिए समिति गठित

**दंतेवाड़ा।** जिला कार्यालय द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार छत्तीसगढ़ मोटरयान नियम 1991 के नियम 217 के तहत गति सीमा का निर्धारण करने एवं नियम 219 के तहत सड़क पर गति अवरोधक लगाये जाने हेतु जिले में समिति का गठन किया गया है। इसके अंतर्गत इसके अध्यक्ष कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रहेंगे और सदस्य गणों में पुलिस अधीक्षक, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग, कार्यपालन अभियंता, परियोजना निर्देशक, एनएचएआई, मुख्य नगरपालिका अधिकारी दंतेवाड़ा, किरंदुल, बचेली, बारसूर, गीदम, कार्यपालन अभियंता पीएमजीएसवाय, कार्यपालन अभियंता आरईएस, जिला परिवहन अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत दंतेवाड़ा, गीदम, कटेकल्याण, कुआकोंडा शामिल रहेंगें।

# निकाली मतदाता जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मद्देड़



लोगों में मतदान के लिए जागरूकता लाने आज ग्राम पंचायत मद्देड़ में जनप्रतिनिधियों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली। उक्त रैली में मददेड़ अन्तर्गत समस्त वार्ड पंच शामिल थे। रैली मेन रोड से होते हुए गुजरी तथा समस्त गांव वासियों को अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने के लिए नारों के माध्यम से प्रोत्साहित किया। जनप्रतिनिधियों ने समस्त 18 वर्ष से अधिक नागरिकों को वोट देने के लिए प्रेरित किया। ग्राम के मुख्य चौक पर मतदाता शपथ दिलायी गई। ग्रामीणों को बिना किसी भय, प्रलोभन के एवं स्व विवेक से मतदान करने की अपील की गई। लोक सभा निर्वाचन 19 अप्रैल को सुबह 7 बजे से 3 बजे तक होना है। वर्तमान में तेज गर्मी पड़ रही है, इसलिए आप सुबह ही जल्दी मतदान कर लोक तंत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। इस अवसर पर ग्राम सरपंच सन्ड्रा समेया, सचिव सुधाकर कोड़े, ग्राम वार्ड पंच एवं जन प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# कला जत्था दल ने मतदान के लिए लोगों को किया प्रेरित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिले में स्वीप कार्यक्रम के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में कला जत्था-नाचा दल के माध्यम से मतदाता जागरूकता हेतु सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जा रही है। मालूम हो कि आगामी लोकसभा निर्वाचन-2024 में 19 अप्रैल मतदान दिवस की तैयारियों को लेकर विभिन्न जागरूकता गतिविधियां जोरों पर है। इसी क्रम में मां दंतेश्वरी मंदिर परिसर में मां दंतेश्वरी के दर्शन करने आए दूर-दराज के ग्रामों के श्रद्धालुओं को मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रंगोली और शपथ के साथ कई तरह की गतिविधियां आयोजित कर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया।
इसके अलावा दंतेवाड़ा के पातररास में नगर पालिका परिषद के द्वारा सेल्फी जोन और हस्ताक्षर अभियान चलाया गया और ग्राम उदेनार, भटपाल, गुड़से, गुमियापाल, पोन्दूम, कटेकल्याण के हाट बाजारों में कला जत्था-नाचा दलों की मोहक प्रस्तुतियों स्वीप के प्रचार के तहत जन-जन तक पहुंचाई गयी। कला जत्था के कलाकार अपनी स्थानीय बोली में मनोरंजन के साथ-साथ मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक कर रहें है।

# मतदान मशीनों का किया गया द्वितीय रेंडमाइजेशन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

लोकसभा निर्वाचन के तहत बस्तर लोकसभा निर्वाचन हेतु उपयोग की जाने वाली मतदान मशीनों का आब्जर्वर डॉ. जे. गणेशन और कलेक्टर एवं रिटर्निंग अधिकारी विजय दयाराम के. की उपस्थिति में जिला कार्यालय के आस्था सभाकक्ष में संसदीय क्षेत्र के आठ विधानसभा के मशीनों का आज द्वितीय रेंडमाईजेशन किया गया। ऑनलाइन रेंडमाईजेशन प्रक्रिया के दौरान बीजेपी, कांग्रेस, सीपीआई, हमरराज पार्टी के प्रतिनिधि, निर्दलीय उम्मीदवार तथा कोंडागांव, नारायणपुर, बस्तर, जगदलपुर, चित्रकोट, दंतेवाड़ा, बीजापुर और कोंटा के सहायक रिटर्निंग अधिकारी मौजूद रहे।

इस दौरान आब्जर्वर गणेशन ने सहायक रिटर्निंग अधिकारियों से विधान सभावार मतदान केंद्रों की शिफ्टिंग, पी-2, पी-3, हेलीकॉप्टर से दल रवानगी, अति संवेदनशील क्षेत्र के मतदान केंद्र की स्थिति में कोई परिवर्तन की स्थिति का संज्ञान लिया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण वर्मा सहित निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित थे।

# सिंधी नवयुवक मंडल का चुनाव सर्वसम्मति से हुआ संपन्न



**जगदलपुर।** सिंधी नवयुवक मंडल का चुनाव समाज के संरक्षक उधाराम मूलचंदानी, अध्यक्ष मनीष मूलचंदानी, सचिव हरेश नागवानी, उपाध्यक्ष सुनील दण्डवानी, सहसचिव बृजलाल नागवानी ने सर्वसम्मति से करवाया। इसमें अध्यक्ष शिवम बसंतवानी, उपाध्यक्ष मोहित दंडवानी, सचिव अमन दुल्हानी, सह सचिव राहुल दुल्हानी, कोषाध्यक्ष गौरव लालवानी, सांस्कृतिक प्रभारी हिमांशु लच्छवानी, मीडिया प्रभारी रोहित हासानी, कार्यकारिणी सदस्य जतिन दुल्हानी, उज्जवल हासानी, नवीन नंदवानी, अमन नागरानी को नियुक्त किया गया। सहयोगी सदस्यों में शुभम मेघानी, सुजल दुल्हानी, अनुराग वासवानी, राजकिरण मूलचंदानी, समीर नत्थानी को नियुक्त किया गया।

**शपथ–पत्र**

मैं श्रीमती सुनीता गोस्वामी पति श्री अविनाश गोस्वामी उम्र 54 वर्ष, निवासी म.न. - 43 जी.ए.डी. कालोनी,सुभाष चन्द्र बोस वार्ड न. 10 दन्तेवाड़ा तह व जिला दन्तेवाड़ा छ०ग० शपथ पूर्वक निम्न कथन करती हूँ कि :-
1. यह कि मैं उपरोक्त पते का निवासी हूँ। एंव मेरा आधार कार्ड क्रमांक - 3168 9173 7058 है।
2. यह कि मेरे शैक्षणिक प्रमाण पत्रो में मेरा नाम सुनीता यादव पिता श्री लक्ष्मण सिंह यादव लिखा है।
3. यह कि मेरा विवाह अविनाश गोस्वामी के साथ सम्पन्न हुआ है । विवाहोपरान्त मेरे समस्त दस्तावेज आधार कार्ड, पेन कार्ड, बैंक पासबुक, मे मेरा नाम सुनीता गोस्वामी पति श्री अविनाश गोस्वामी लिखा है।
4. यह कि मैं पासपोर्ट बनवाना चाहती हूँ। पासपोर्ट में विवाह पश्चात मेरा नाम श्रीमती सुनीता गोस्वामी पति श्री अविनाश गोस्वामी लिखाना चाहती हूँ।
5. यह कि विवाहपूर्व मेरा नाम सुनीता यादव एंव विवाह पश्चात मेरा नाम सुनीता गोस्वामी के समर्थन में मैं दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशन कराना चाहती हूँ।
6. यह कि वर्तमान में मुझे सुनीता गोस्वामी पति श्री अविनाश गोस्वामी के नाम से जाना व पहचाना जावें ।

शपथकर्ता

सत्यापन

मैं उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करती हूँ कि शपथ पत्र की कंडिका 01 से 06 की कथन मेरे स्वतः ज्ञान एवं विवेक विश्वास के अनुसार सत्य एवं सही है आज दिनांक 08/04/2024 को स्थान दन्तेवाड़ा में उपस्थित होकर हस्ताक्षरित किये।

सत्यापनकर्ता
श्रीमती सुनीता गोस्वामी

**शपथ पत्र**

मैं संजय भास्कर तिवारी पिता श्री सर्व दमन तिवारी उम्र 42 वर्ष निवासी स्थान नारायणपुर जगदीश मंदिर रोड, वार्ड नं. 08 महावीर वार्ड बुधवारी बाजार, तहसील व जिला नारायणपुर (छ.ग.) का शपथपूर्वक निम्नांकित सत्य कथन करता हूँ कि :-
1. यह कि मेरा पूरा नाम उपनाम सहित संजय भास्कर तिवारी है एवं मेरे पिता का संक्षिप्त नाम उपनाम सहित एस. डी. तिवारी है एवं उनका पूरा नाम उपनाम सहित सर्व दमन तिवारी है।
2. यह कि मेरे आधार कार्ड क्रमांक 5034 5122 1454 में एवं मेरे पेन कार्ड क्रमांक AFOPT9037K में एवं मेरा मतदाता परिचय पत्र क्रमांक ZDO2031730 में एवं मेरे बैंक पासबुक में मेरा पूरा नाम उपनाम सहित संजय भास्कर तिवारी अंकित है एवं मेरे पिता का पूरा नाम उपनाम सहित सर्व दमन तिवारी अंकित है, तथा मेरे द्वारा कक्षा 10वीं उत्तीर्ण की अंकसूची में मेरा नाम संजय भास्कर अंकित है मेरे नाम के साथ मेरा उपनाम तिवारी अंकित नही है, तथा मेरे सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्रों में मेरे नाम के साथ मेरा उपनाम तिवारी अंकित है एवं मेरे पिता का संक्षिप्त नाम एस. डी. तिवारी अंकित है।
3. यह कि मेरे आधार कार्ड क्रमांक 5034 5122 1454 में एवं मेरे पेन कार्ड क्रमांक AFOPT9037K में एवं मेरे मतदाता परिचय पत्र क्रमांक ZDO2031730 में एवं मेरे बैंक पासबुक में अंकित मेरा पूरा नाम उपनाम सहित संजय भास्कर तिवारी एवं अंकित मेरे पिता का पूरा नाम उपनाम सहित सर्व दमन तिवारी तथा मेरे द्वारा कक्षा 10वीं उत्तीर्ण की अंकसूची में अंकित मेरा नाम संजय भास्कर एवं मेरे सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्रों में अंकित मेरा नाम उपनाम सहित संजय भास्कर तिवारी एवं अंकित मेरे पिता का संक्षिप्त नाम एस. डी. तिवारी एक ही व्यक्ति अर्थात मेरा ही नाम एवं मेरे पिता का ही संक्षिप्त एवं पूरा नाम एवं उपनाम है जिसके समर्थन में यह शपथ पत्र मेरे द्वारा निष्पादित एवं प्रस्तुत है।

सत्यापन शपथकर्ता

मैं शपथकर्ता संजय भास्कर तिवारी पिता श्री सर्व दमन तिवारी सत्यापित करता हूँ कि उपरोक्त शपथ पत्र की समस्त जानकारी मेरे स्वयं के ज्ञान से सत्य एवं सहीं है आज दिनांक 08/04/2024 को स्थान नारायणपुर में अपना हस्ताक्षर किया।
स्थान :- नारायणपुर
दिनांक :- 08/04/2024 सत्यापनकर्ता

**शपथ-पत्र**

मैं सर्व दमन तिवारी पिता राम आश्रय तिवारी, उम्र 84 वर्ष, निवासी- शीतला पारा वार्ड, कोण्डागांव तह. व जिला कोण्डागांव, छ.गं., सत्यनिष्ठापूर्वक निम्न सत्य कथन करता हूं :-
1. यह कि मै उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूँ।
2. यह कि मेरा वास्तविक पूरा नाम सर्व दमन तिवारी (SARVA DAMAN TIWARI) है, जो कि मेरे आधार कार्ड क्रं. 43147131 1697 एवं पेन कार्ड क्रं. ALYPT4423H में अंकित है।
3. यह कि मुझे बोलचाल के अनुसार एस. डी. तिवारी (S. D. TIWARI) के नाम से भी जाना जाता है।
4. यह कि मेरे पुत्र के समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों मेरा नाम एस. डी. तिवारी (S. D. TIWARI) अंकित है।
5. यह कि सर्व दमन तिवारी ( SARVA DAMAN TIWARI) एवं एस. डी. तिवारी (S. D. TIWARI) उपरोक्त दोनों नाम मेरा स्वयं का है, तथा उपरोक्त दोनों नाम वाला मैं एक ही व्यक्ति हूँ।
6. यह कि यह शपथ पत्र मैं सर्व दमन तिवारी (SARVA DAMAN TIWARI) एवं एस. डी. तिवारी (S. D. TIWARI) उपरोक्त दोनों नाम मेरा स्वयं एक ही व्यक्ति का होने के समर्थन में प्रस्तुत है।

शपथकर्ता

सत्यापन

मैं सर्व दमन तिवारी पिता राम आश्रय तिवारी, सत्यनिष्ठापूर्वक कथन करता हूं कि उपरोक्त कंडिका क्रमांक 01 से 06 तक के तथ्य मेरे स्वयं के जानकारी में सत्य एवं सही है। आज दिनांक 08/04/2024 को स्थान कोण्डागांव में हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।
दिनांक 08.04.2024 शपथकर्ता


डॉ. हेमंत कुमार पैथोलॉजी लैब
M.B.B.S., D.C.P. (PATHOLOGY)
डॉ. हेमन्त कुमार
कम्प्यूटराईज्ड पैथोलॉजी लैब
ISO 9001:2015
(Quality Management System)
PATHOLOGY LAB
अत्याधुनिक उपकरणों द्वारा टेस्ट की सुविधा
चैत्र नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रत्येक प्रकार के आवश्यक रक्त, मल, मूत्र परीक्षण का आपका विश्वसनीय संस्थान
विशेष सुविधाएं:
थायराइड हार्मोंस T3,T4,Tsh (प्रतिदिन)
टाक्सोप्लाज्मा, टार्च टेस्ट (प्रतिदिन)
C.B.C.(प्रतिदिन) - QUANTITIVE
Q.B.C. MP: फ्लुरोसेन्ट माइक्रोस्कोपी द्वारा मलेरिया परीक्षण (on demand)
P.S.A. IgE, ASO, Cardiac Markers: (प्रतिदिन)
RAF/CRP (प्रतिदिन)
FSH, LH, Protactin
MISPA I3 Nephiometry
MISPA NANO 200
Fully Auto Biochemistry Analyser
FULLY AUTOMATIC BIOCHEMISTRY ANALYZER
D10 BIORAD HPCL
For Accurate HBA1c Test
TIME 8:30am-8:30pm
SUNDAY 8:30am-2:00pm
VIDAS- For Thyroid
T3,T4,Tsh and all Harmones, Cardiac Markers
CELL COUNTER
For Complete Blood Count
अजय इंटरप्राइजेस के बाजू में, बालाजी वार्ड, जगदलपुर
बस्तर, छत्तीसगढ़. फोन: 07782 796175


चैत्र नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं
वान्या
लॉन & इवेन्ट
दलपत सागर चौक से धरमपुरा रोड, जगदलपुर
सिर्फ लॉन बुकिंग मात्र 30,000/-
2,00000/-में
टेन्ट डेकोरेशन
लॉन
लाईट डेकोरेशन
जनरेटर
किचन
बुकिंग प्रारंभ
9644063156
9407771684
9406284383
8770498592
संबंधित प्रतिष्ठान
मोबा.-9644063156, 7974171352
वान्या ड्रिंकिंग वाटर
थोक एवं चिल्हर विक्रेता
1 लीटर, 500 मि.ली. व 250 मि.ली. बाटल, पानी पाउच, जार, ठंडा जार में उपलब्ध
आकाश टेंट एण्ड डेकोरेशन मोबा. 94252-63156 94077-71684


नि:संतान दंपत्तियों
के लिए एक विश्वसनीय सेंटर
नि:शुल्क परामर्श
09 से 20 अप्रैल 2024 तक
उपलब्ध सुविधाएं
• IUI • IVF • ICSI
• लेप्रोस्कोपी • हिस्ट्रोस्कोपी • ब्लॉस्टोसिस्ट
• फर्टिलिटी जांच • डोनर सर्विसेज
• नार्मल एवं सिजेरियन डिलीवरी
डॉ. श्रीमती एस. बंसल
MBBS, MD (O/G), Director IVF Center
वरिष्ठ प्रसुति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ,
लैप्रोस्कोपिक सर्जन
विगत 10 वर्षो से 1500 से अधिक दम्पत्तियों ने पाया संतान सुख
नि:शुल्क परामर्श हेतु आज ही कॉल करें
पंजीकरण हेतु संपर्क करें-मो. 9425258201
परामर्श हेतु कौन दम्पत्ति संपर्क कर सकते है?
बंद ट्यूब (Falloplan Tubes)
पुरुषों के वीर्य में शुक्राणुओं की मात्रा कम अथवा निल होना
शुक्राणु की गतिशीलता, गुणवत्ता में कमी एवं आकार में खराबी
अण्डों का न बनना अथवा समय पर न फूटना (PCOD)
चॉकलेट सिस्ट (Emdometriosis)
ओवरी सिस्ट (Ovarian Cyst)
बच्चेदानी में गांठ (Fibroid),
बच्चेदानी में दीवार (Septum)
माहवारी बंद होना माहवारी का अनियमित होना
महिला नसबंदी, पुरुष नसबंदी
बार-बार गर्भपात होना (Miscarriage Clinic)
पहले IVF का असफल होना
दो-तीन IUI असफल होना
सभी जाँच रिपोर्ट सामान्य होने पर भी संतान का न होना
सुलभतम पैकेज में अधिकतम सफलता
पैकेज 85000/- से शुरु
शुभ नवरात्रि
नि:संतानता को संकोच नहीं, सही जांच की है जरूरत
उम्मीद की नई किरण
बंसल नर्सिंग होम
डॉ. ममता बंसल
डॉ. अल्पना बंसल
डॉ. प्रियंका बंसल
BANSAL NURSING HOME
ISO CERTIFIED
हम करते है आपका परिवार पूर्ण
बस्तर संभाग का प्रथम सर्व सुविधा युक्त आईवीएफ, फर्टिलिटी, टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर
बालाजी वार्ड, जगदलपुर (बस्तर), फोन- 07782-224020 (क्लीनिक)


बंसल नर्सिंग होम फर्टिलिटी सोनोग्राफी एवं
एडवांस आई केयर सेन्टर
अति आधुनिक सर्व सुविधायुक्त नेत्र चिकित्सालय
लेजर एवं फेको
नेत्र चिकित्सालय
Happy Navratri
बालाजी वार्ड, जगदलपुर, बस्तर, छग.
फोन- 223589, 9425590111
सुविधाएं
फेको सर्जरी
मोतियाबिन्द की सर्वश्रेष्ठ विधि फेको है, फेको विधि में 2.8 मि.मि. के छोटे से चीरे द्वारा फोल्डेबल लैंस का प्रत्यारोपण कर तुंरत छुट्टी दी जाती है (इनमें भर्ती होने की आवश्यकता नहीं होती)
ग्रीन लेजर
डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, सिकलसेल के मरीजों को रेटीना में खून के धब्बों का विशेष इलाज (मरीजों को भर्ती होने की आवश्यकता नहीं होती है)
फ्लोरोसिन एंजियोग्राफी
डायबिटिक रेटिनोपेथी, मेक्यूलोपेथी व उम्र के कारण परदे की बिमारी की फोटोग्राफी की सुविधा
यॉग लेजर
कांच बिन्द एवं मोतियाबिन्द झिल्ली का विशेष इलाज
नेत्र परीक्षण
जापानी कम्प्यूटर द्वारा नेत्र परीक्षण व नम्बर जांच की सुविधा
कृत्रिम लैंस प्रत्यारोपण
मल्टीफोकल फोल्डेबल लैंस प्रत्यारोपण
साइनेप्टोफोर
तिरछापन व नेत्र पेशियों की कमजोरी का इलाज व एक्सरसाइज
सोनोग्राफी
बी. स्केन. कलर डापलर
कॉन्टेक्ट लैंस
सॉफ्ट एव रंगीन लैंस
डॉ. मनीष बंसल
M.S (Ophthalmology)
नेत्र रोग विशेषज्ञ फेको एवं लेजर सर्जन
रजि. नं.- CGMC 9715/2020
पूर्व असिस्टेन्ट प्रोफेसर शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सह महारानी हॉस्पिटल
अत्याधुनिक जापनी कम्प्यूटर NIDEK (आटोरिफ्रेक्टर) द्वारा आंखों की जांच एवं चश्में की जांच
मोतियाबिंद का फेको पद्धति एवं फेको मशीन से बिना टाँका ऑपरेशन द्वारा लैंस प्रत्यारोपण (IOL)
रैटिना (पर्द) की पूरी जांच एवं इलाज (90-D Slit Lamp Biomicros-copy. Indirect Ophtholmoscopy)
Synaptophore द्वारा आँखों के भैगेपन (Squint) की जाँच एवं आँखो के विशेष व्यायाम
Non Contact Tonometer द्वारा आँखों के दबाव की अत्याधुनिक जाँच (INTRAOCULAR PRESSURE)
कालापानी (ग्लूकोमा) कीक जाँच, इलाज एवं ऑपरेशन
कम्प्यूटराईज्ड ऑटोमेटिक पैरीमीटरी द्वारा आँखों की नस एवं दायरे (विजुअल फीड) की विस्तृत जाँच
B-Scan (कलर डाफ्लर) A-Scan, केरोमीटर (Kerotometer) एवं कांटेक्ट लैस सुविधा
बंसल नर्सिंग होम थ्री-डी कलर सोनोग्राफी एवं टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर,
बालाजी वार्ड, जगदलपुर, फोन- 07782-224020/ 231882